नायक, धीरेंद्र कुमार सिंह व दिलीप महंती प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

'जीएसटी-एनुअल रिटर्न एंड आडिट' पर संगोष्ठी आयोजित



भुवनेश्वर : इंस्टीट्यूट आफ कास्ट अकाउंटेंट्स आफ इंडिया (आईसीएआई) की भुवनेश्वर चैप्टर की ओर से इसके स्वर्ण जयंती वर्ष (2018-19) के मौके पर 'जीएसटी-एनुअल रिटर्न एंड आडिट' पर संगोष्ठी का नयापल्ली के सीएमए भवन में आयोजन किया गया। ओडिशा जीएसटी के विशेष आयुक्त आनंद सतपथि मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहकर संगोष्ठी का उद्घाटन किया। टैक्स कनेक्ट एडवाइजरी सर्विसेज एलएलपी और एक्सपर्ट-जीएसटी, कोलकाता के पार्टनर विवेक जालान ने रिसोर्स पर्सन के रूप में विषय पर संबोधित किया। संगोष्ठी में 200 से अधिक कास्ट एंड मैनेजमेंट एकाउंटेंटों ने हिस्सा लिया और रिसोर्स पर्सन के साथ जीएसटी आडिट और रिटर्न दाखिल करने के दौरान विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर बातचीत की। चैप्टर के चेयरमैन शक्तिधर सिंह ने सभी का स्वागत किया। चैप्टर के प्रोफेशनल डेवलपमेंट कमेटी के चेयरमैन सीएमए मुकेश चौबे ने विषय पर संबोधित किया।

माहेश्वरी समाज ने 67 यूनिट रक्त संग्रह किया

Scanned by CamScanner